तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार,23 मार्च 2024

13 लोकसभा चुनावः पड़ोसी राज्यों से जुड़ी सीमाओं की



14 पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता में अल्पना ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी

**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी की एससी मोर्चा जिला के जिला अध्यक्ष अमित कुमार बजीदपुर ने जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की जिसमें अंबाला शहर के मनदीप अटकान को जिला महामंत्री के पद पर नियुक्ति की है। मनदीप अटकान छात्र जीवन से ही एबीवीपी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं। अपने छात्र जीवन के दौरान 2011 से एबीवीपी से जुड़े जिसके बाद छात्र संगठन एबीवीपी में कई पदों पर काम किया है।

### टूटी सड़कों के कारण हो रहे हादसे

**अंबाला।** छावनी की अधिकतर सड़कों की दयनीय स्थिति को देखते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि टूटी व गड्ढों वाली सड़कों के कारण हर रोज कहीं न कहीं दुर्घटनाए हो रही हैं। प्रशासन का रवेया ऐसा है कि एक काम को अधूरा छोड़कर दूसरा कार्य शुरु कर दिया जाता है। प्रशासन के गलत रवये व योजना के बिना किए गए कार्यों के कारण हल्के मे आगे दौड़ पीछे छोड़ की व्यवस्था हो रही है।

### गलत दवा लेने से महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन सुमन निवासी पुंडरी जिला करनाल की मौत हो गई। सुमन की घर पर तबीयत बिगड़ गई थी। उसने गलती से दूसरी दवाई का सेवन कर लिया, जिससे उसे एलर्जी हो गई। हालात ज्यादा बिगड़ने पर परिजन उसे पानीपत में देवी मंदिर के पास स्थित एक निजी अस्पताल ले पहुंचे। जहां इलाज के दौरान सुमन मौत हो गई। महिला के परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 174 के तहत कार्यवाही की और पोस्टमार्टम के बाद सुमन का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### दंगल में पहलवानों ने दिखाया अपना दम

**पानीपत।** स्वर्णीय दिनेश प्रधान की याद में और श्री श्याम बाबा चुलकाना धाम के मेले के उपलक्ष्य में हर साल की तरह श्री श्याम बाबा दंगल कमेटी व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से कन्या पाठशाला चुलकाना में दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें उमेद ठेकेदार ने 11 हजार रुपए, सुरेश डाडोला ने 11 हजार रुपए व बिल्लू चुलकाना ने 11 हजार दिए। वहीं बिल्लू चुलकाना ने बताया की वह अपने स्व.भाई दिनेश प्रधान की याद में हर साल दंगल का आयोजन करवाते हैं। इस मौके पर सुरेश उर्फ बिल्लू, सुरेश डाडोला, उमेद ठेकेदार, मोनू फौजी आदि प्रमुख रूप से लोग मौजूद रहे।

### बाइक सवार युवकों ने महिला टीचर से छीना पर्स

यमुनानगर। जगाधरी के पटरी मौहल्ला में बाइक सवार युवकों ने महिला टीचर का पर्स झपट लिया। पर्स में आई फोन, स्कूल के दस्तावेज व 400 रुपये थे।

### दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कुरुक्षेत्र में बवाल, सीएम आवास घेरने पहुंचे

# पुलिस से भिड़े आप वर्कर्स, बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास, पुलिस ने किया बल प्रयोग, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के सेक्टर-3 स्थित निवास पर दो बार बेरिकेडस तोड़ने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने पहले वाटर कैनन का इस्तेमाल किया जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को मौके से खदेड़ दिया। लाठीचार्ज व पानी की तेज बौछार के कारण 41 प्रदर्शनकारी घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आप प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता का भी एलएनजेपी अस्पताल से उपचार करवाया गया। डा. सुशील गुप्ता के पांव में चोट आई है जबकि अनुराग ढांडा के सिर में गहरी चोट लगी है। प्रदर्शन में भाग लेने आए शाहाबाद के त्यौडी निवासी सोनू वाल्मीकि की टांग टूट गई। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास का घेराव करने का ऐलान किया था। प्रदर्शन के मध्यनजर पुलिस ने सीएम आवास के समक्ष बेरिगेटस लगाकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की हुई थी। दोपहर लगभग एक बजे आप प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता व प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने वर्करों को बेरिगेट्स तोड़ने का आदेश दिया तो मौके पर माहौल तनावपूर्ण बन गया। प्रदर्शनकारी बेरिगेड के ऊपर चढ़ गए और धक्का देकर बेरिगेड्स हटाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों को सीएम आवास तक जाने से रोकने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया और बल प्रयोग किया। जिसमें दर्जनभर प्रदर्शनकारी घायल हो गए। आप प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से अपील की कि वे घायल वर्करों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जाए। आधा घंटा तक घायल प्रदर्शनकारियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस नहीं पहुंची तो सुशील गुप्ता ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि पांच मिनट में एंबुलेंस नहीं आई तो दोबारा से बेरिगेडस को तोड़ा जाएगा। एंबुलेंस नहीं पहुंचने से प्रदर्शनकारियों ने करीब 2 बजे फिर से बेरिगेड्स तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए फिर से वाटर कैनन का इस्तेमाल किया ।

■ आप कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए सीएम आवास के सामने बेरिकेडस लगाए गए थे



कुरुक्षेत्र। बेरिगेड्स तोड़ने का प्रयास करते प्रदर्शनकारी व एलएनजेपी अस्पताल में उपचाराधीन घायल। फोटो : हरिभूमि

### कई पुलिस कर्मी भी जख्मी हुए

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया मौके पर पहुंचे और उन्होने कहा कि वीडियो देखकर सारे मामले की जांच की जाएगी। एसपी ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए पथराव के कारण कई पुलिस कर्मी भी जख्मी हुए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान इस प्रकार का प्रदर्शन करना उचित नही है। सीएम हाऊस पर प्रदर्शन करने को एसपी भौरिया ने गलत ठहराया।

# अवैध शराब और बीयर से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी

## पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गांव छिछड़ाना अनाज मंडी गेट के पास नाकाबंदी कर अवैध शराब से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा। पिकअप से अवैध 108 पेटी देसी शराब, 2 पेटी अंग्रेजी शराब व 47 पेटी बीयर बरामद हुई।

एंटी नाराकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान छिछड़ाना गांव के अड्डे पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की पंकज निवासी गांव शिमला गुजरान व सचिन निवासी माधव बिहार एक पिकअप गाड़ी में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जींद जिला के कस्बा सफीदों की तरफ जाएगे। टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए छिछड़ाना अनाज मंडी गेट के पास नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात गांव छिछड़ाना की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने इशारा कर गाड़ी को रूकवाया। पूछताछ में ड्राइवर सीट पर बैठे युवक ने अपनी पहचान पंकज पुत्र सोमदत निवासी गांव शिमला गुजरान व कंडक्टर सीट पर बैठे युवक ने सचिन पुत्र सीताराम निवासी देशरी समस्तीपुर बिहार हाल किरायेदार झट्टीपुर के रूप में बताई। पिकअप गाड़ी को चेक करने पर भारी मात्रा में अवैध शराब व बीयर की पेटियां मिली। एक्साइज इंस्पेक्टर विकास सिंह की मौजूदगी में शराब को गाड़ी से नीचे उतारकर गिनती की तो 108 पेटी देशी शराब मार्का रसीला संतरा, 2 पेटी अंग्रेजी शराब व 47 पेटी बीयर की पाई गई। पुलिस टीम ने दोनों युवकों को बरामद शराब व बीयर का लाईसेंस व परमिट दिखाने को कहा तो आरोपी मौके पर कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके।

■ 108 पेटी देसी शराब, 2 पेटी अंग्रेजी शराब व 47 पेटी बीयर बरामद

### गांव में अवैध तस्करी करने के लिए ले जा रहे थे

सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह उक्त शराब व बीयर को पानीपत सेक्टर 25 में स्थित एल-1 व एल-13 से लोड कर सींक गांव में ठेके पर अवैध तस्करी करने के लिए लेकर जा रहे थे। पुलिस ने बरामद अवैध शराब व बीयर को कब्जा पुलिस में लेकर थाना मतलौडा में एक्साइज एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर शुक्रवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# सकारात्मक कार्य प्रणाली सफलता की राह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पीसीसी एकेडमी में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य था डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है एवं मंच का डर समाप्त होना, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर बच्चों ने यह साबित कर दिखाया की डिग्री के साथ टैलेंट का होना आवश्यक है। वहीं पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा आज पीसीसी एकेडमी में छोटे बच्चों के साथ-साथ ज्यादातर संख्या में बच्चे ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट हैं जिसमें उनके पास डिग्री तो है परंतु वह डिग्री से उनको नौकरी नहीं मिल पा रही जब वह इंटरव्यू देने जाते हैं अंग्रेजी भाषा की कमी के कारण या आत्मविश्वास की भावना की कमी के कारण वह कॉन्फिडेंस के साथ नहीं बोल पाते जिससे उनको नौकरी मिलना मुश्किल हो जाता है आज पीसीसी एकेडमी में यह सभी महिलाएं जो पढ़ी-लिखी हैं वह अंग्रेजी भाषा को सीख कर अपना मुकाम हासिल कर रही है। वहीं एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता में काफी एवं मनीषा प्रथम व द्वितीय स्थान पर अंजू एवं तृतीय स्थान पर आशा रही। जबकि कार्यक्रम में सिमरन पलक काजल रितु रवि अंकुश केशव आदि उपस्थित रहे।




पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परूथी विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए।

# बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए चलाया अभियान

## शहर में घूम रहे दर्जन भर गोवंशों को पकड़कर पहुंचाया गोशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर में बेसहारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने वार्ड नंबर 16 की विभिन्न कॉलोनियों से दर्जन भर गोवंश पकड़कर गोशाला में पहुंचाए।

बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। शुक्रवार को एसआई सुशील के नेतृत्व में गठित सुपरवाइजर रणबीर, हरिदास, विजय दिनेश, सुरेंद्र व अन्य कर्मियों की टीम बेसहारा गोवंशों को पकड़ने जोन दो के वार्ड नंबर 16 में पहुंची। टीम ने यहां हरबंसपुरा कॉलोनी, आईटीआई सब्जी मंडी समेत विभिन्न स्थानों से 12 बेसहारा गोवंशों को पकड़ा। निगम कर्मियों ने रस्सियों के माध्यम घेरा डालकर गोवंशों को पकड़ा। इसके बाद उन्हें निगम के वाहन में चढ़ाया। गोवंशों को पकड़ने के बाद उन्हें श्री गौशाला कमेटी मटका चौक जगाधरी में पहुंचाया गया। सीएसआई सुनील दत्त ने बताया कि निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में घूमने वाले सभी बेसहारा पशुओं को पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी शहरवासी गोवंशों का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें खुले में न छोड़े। यदि कोई गोवंश खुले में छोड़ता है तो उस पर 51 सौ रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि उन्हें शहरी क्षेत्र में कहीं भी कोई बेसहारा पशु दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर पते या लोकेशन समेत निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे। निगम की टीम को तुरंत मौके पर भेजकर बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया जाएगा।

■ गिम कर्मियों ने रस्सियों के माध्यम घेरा डालकर गोवंशों को पकड़ा



यमुनानगर के वार्ड 16 से बेसहारा गोवंशजों को पकड़कर वाहन में चढ़ाते निगम कर्मी।

# विदेश भेजने का झांसा देकर 5.75 लाख ठगे

पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर छह के क्षेत्र में स्थित संतर नगर निवासी विक्रम राणा विदेश जाने की चाहत में ठगी का शिकार हो गया। विक्रम साउथ कोरिया से लौटा था। अब यूरोप जाने की इच्छा हुई तो जानकारों से संपर्क किया। जिन्होंने उससे 5 लाख 75 हजार रुपए ले लिए। उसे न यूरोप भेजा और न ही रुपए वापस लौटाए। इधर, सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में विक्रम राणा ने बताया कि वह साउथ कोरिया में रहता है। वहां उसका दोस्त सन्नी मोहम्मद मलिक निवासी पेहवा साथ में ही काम करता था। जब विक्रम वापस भारत आया, तो उसकी दोबारा विदेश जाने की इच्छा हुई। उसने सन्नी मोहम्मद मलिक से बात की तो उसने विष्णुनंद गिरजापति उपाध्याय निवासी रोड नंबर 16 बाघले इस्टेट थाने मुंबई से बात करवाई। उसने यूरोप जाने के लिए 5 लाख 75 हजार रुपए रुपए नवंबर 2023 में ट्रांसफर कर दिए। उक्त व्यक्ति ने उसे एक माह में विदेश भेजने के लिए कहा था। लेकिन समय कई महीनों का बीत गया, उसे विदेश नहीं भेजा गया। इसके बाद वह आनाकानी करने लगा। फोन का भी जबाब देना बंद कर दिया।

# वर्क परमिट दिलाने के नाम पर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

■ पुलिस ने कबूतरबाजी का केस दर्ज किया

तीन युवकों को वर्क परमिट पर विदेश भेजने के नाम पर 3.80 लाख रुपए हड़प लिए। शातिर एजेंट ने 3 भाइयों को फर्जी वीजा थमाया था। एयरपोर्ट पर पहुंचे तो पता चला कि उनके साथ धोखा हुआ है। गांव रायवाली निवासी जगदीश चंद ने पुलिस को शिकायत सौंपी है कि उसके बेटे और भतीजे को विदेश भेजना चाहता था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि अगस्त 2023 में फेसबुक के माध्यम से दिल्ली के एजेंट राहुल से मुलाकात हुई थी। बातचीत करने पर आरोपी ने कहा था कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता हूं। उसने आरोपी की बात में आकर अपने बेटे अजय कुमार व 2 भतीजे राहुल व स्वर्ण सिंह को सिंगापुर भेजने की सवा-सवा लाख में डील की थी।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उसे आश्वासन दिया था कि तीनों लड़कों को मैं विदेश भेज दूंगा। एजेंट राहुल ने उसके बेटे के दस्तावेज सिंगापुर के लिए लगाए। आरोपी ने सिंगापुर का एग्रीमेंट व ऑफर लेटर भी दियालेकिन बाद में कहा कि वर्क परमिट नहीं मिला। बाद में एजेंट ने तीनों लड़कों को आर्मीनिया भेजने के लिए अप्लाई किया। आरोपी ने एग्रीमेंट,ऑफर लेटर वीजा भी दिया। वे एक दिसंबर 2023 को दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंच गए। यहां हिमेश कुमार मिला, जिसको उन्होंने 3 लाख कैश दिया। आरोपी एजेंट राहुल के कहने पर 80 हजार फिर कैश दिया। जब विदेश भेजने का समय आया तो आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर पति की मौत, पत्नी घायल

**यमुनानगर।** यमुना नदी पुल गांव कलानौर के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गांव उत्तराखंड के जिला हरिद्वार के गांव धीर माजरा निवासी हितेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 40 वर्षीय विकेश अपनी पत्नी रूबी के साथ बाइक पर किसी काम से यमुनानगर आ रहे थे। जब वह गांव कलानौर के पास यमुना नदी पुल पर पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने विकेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मुआयना

### अंबाला छावनी में 20 एकड़ में सिविल इन्कलेव बनाया जा रहा

# एयरफोर्स स्टेशन के पास बन रहे सिविल इन्कलेव भवन का क्षेत्रीय निदेशक ने किया अवलोकन, अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला छावनी में एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक बन रहे सिविल एन्कलेव भवन के निर्माण कार्य का शुक्रवार को ब्यूरो ऑफ सिविल एविलेशन सिक्योरिटी के क्षेत्रीय निदेशक वेद प्रकाश ने अवलोकन किया। इस मौके पर उनके साथ एयरफोर्स के सिक्योरिटी ऑफिसर विंग कमांडर के साथ-साथ सिविल एविवेशन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक वेद प्रकाश ने मॉडल के माध्यम से सिविल इनक्लेव भवन के साथ-साथ किए जा रहे अन्य जो कार्यों की भी जानकारी ली। अवलोकन के दौरान एयरफोर्स के सिक्योरिटी ऑफिसर विंग कमांडर श्रीवास्तव से उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से जो मापदंड हैं एवं कार्य किए जा सकते हैं उसके बारे भी उनसे चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि जो भी सुरक्षा की दृष्टि से मापदंड तय होंगे उसके अनुसार यहां पर सुरक्षा के सभी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के लिए यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी तथा उसके साथ-साथ जो रनवे का प्रयोग किया जाएगा उसके बारे में भी बातचीत की। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल ने बताया कि 20 एकड़ में सिविल इन्कलेव बनाया जा रहा है। इसके बनने पर यात्री सुरक्षा जांच के लिए यहीं से चेक इन और चेक आउट किया जाएगा। इसके उपरांत उन्हें बस के माध्यम से एयरफोर्स स्टेशन के अंदर हवाई पट्टी के पास ले जाया जाएगा। उड़ान भरने के लिए अंबाला एयरफोर्स स्टेशन की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जाएगा। इस मौके पर उडय़न विभाग से अमरजीत सिंह गिल, दलजीत सिंह, एमएस दुहन, कार्यकारी अभियंता इलेक्ट्रिकल विंग नवीन राठी भी मौजूद रहे।

■ इसके बनने पर यात्री सुरक्षा जांच के लिए यहीं से चेक इन और चेक आउट किया जाएगा



सिविल इन्कलेव का अवलोकन करते हुए क्षेत्रीय निदेशक एवं अन्य अधिकारी।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी के आह्वान पर एसकेएम के राष्ट्रीय आह्वान पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत की पूर्व संध्या पर शहीद भगत सिंह स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए और उनकी कुर्बानियों को याद कर देश के अंदर तानाशाही राज खत्म करने और लोकतंत्र बचाने की मांग को लेकर संकल्प दिवस के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तालमेल कमेटी के जिला संयोजक भाकियू के पूर्व प्रधान जयकरण कादियान ने की। संचालन सह संयोजक सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त ने किया। ऐटक राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप ने शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए देश के अंदर से तानाशाही खत्म करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसान मजदूर संगठन के कार्यकताअरं संकल्प के रूप में शपथ दिलाई। मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव राजपाल, सीटू जिला सचिव जय भगवान, किसान सभा से गुलाब सिंह पट्टीकल्याण, सीटू कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा, नरेंद्र सिंह, का.पवन सैनी एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह, सनोवर राणा, शीशपाल तोमर, देशराज , राजपाल राठी व ईश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।




पानीपत। संकल्प दिवस कार्यक्रम में शिकरत करते हुए विभिन्न संगठनों के नेतागण।

## खबर संक्षेप

### रिंग रोड परियोजना का किसानों ने किया विरोध

**करनाल।** करनाल में भारत माता श्रृंखला के तहत बन रहे 1700 करोड़ की रिंग रोड परियोजना का गंजोगढ़ी, रांवर, कुटेल व आसपास के ग्रामीणों और किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीण रिंग रोड के साथ सर्विस लेन की मांग उठा रहे है, क्योंकि किसानों के खेतो में आने जाने का रास्ता बंद हो गया है और किसानों के खेत भी दो हिस्सों में बंट चुके है।

### होली के नाम पर युवकों ने जमकर हुड़दंग मचाया

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा कॉलेज के बाहर होली के नाम पर दर्जनों युवकों ने जमकर हुड़दंग मचाया। उन्होंने कॉलेज आने-जाने वाली लड़कियों पर गुलाल डाल दिया। छात्राओं ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रशासन से की तो कॉलेज मैनेजमेंट ने सिविल लाइन थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाने से 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिसकर्मियों को आता देखकर हुड़दंग मचा रहे युवक फरार हो गए।

### स्वयं सेवकों को पढ़ाया साक्षरता का पाठ

**घरौंडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी व कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के दिशा निर्देशन और एनएसएस इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान का आयोजन और योग की विभिन्न क्रियाओं का प्रदर्शन स्वयंसेविकाओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

### यूनिवर्सल स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**तरावड़ी।** यूनिवर्सल स्कूल तरावड़ी के जूनियर विंग में प्री नर्सरी से प्रैप - 2 तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चों व अभिभावकगणों की मौजूदगी में विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

### सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में रक्तदान शिविर 7 को

**तरावड़ी।** शहर के सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल रविवार को किया जाएगा। जिसमें नीलोखेड़ी के एस.डी.एम. कपिल शर्मा एवं डी.एस.पी. विजय कुमार बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। तरावड़ी पत्रकार एकता मंच रजि. की ओर से रविवार 7 अप्रैल को तरावड़ी के सरकारी अस्पताल में लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### प्रकृति की रक्षा के लिए लगाएं पौधे: महिंद्र कुमार

**इंद्री।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय नन्हेड़ा में किन्नू व सफेदा अमरूद के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य मास्टर धर्मराज गांधी ने पौधा रोप कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। पौधा रोपण-पौधा पोषण पर विचार रखते हुए स्कूल मुखिया महिंद्र कुमार ने कहा कि प्रकृति ने हमें पेड़ दिए, ताकि हम प्राण वायु प्राप्त कर जीवन संचय कर सकें, परन्तु भौतिकता की अंधी दौड़ में फंसा इंसान पेड़ों को समाप्त करके धरती पर जीवन को संकट में डा ल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे।

### आढ़तियों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**इंद्री।** अनाज मंडी इंद्री के आढ़तियों ने मंडी प्रधान महेंद्र सिंह त्यागी की अध्यक्षता में अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार को सौंपा । जिसमें अनाज मंडी के आढ़तियों ने मांग की कि गेहूं की आढ़त पूरी ढाई प्रतिशत मिलनी चाहिए, सरसों की खरीद आढती के माध्यम से होनी चाहिए, आढ़तियों को बेवजह परेशान नहीं किया जाए व गेहूं पर राजस्थान सरकार की तर्ज पर 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देना चाहिए आदि मांगे हैं ।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सभी ब्लॉक में जल दिवस मनाया

- पानी शांति का एक उपकरण बन सकता है

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

प्रतिवर्ष जल दिवस की एक खास थीम निर्धारित की जाती है। इस वर्ष विश्व जल दिवस 2024 की थीम 'शांति के लिए जल का लाभ उठाना' है। इस थीम के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि जब समुदाय और देश इस बहुमूल्य साझा संसाधन पर मिलकर सहयोग करते हैं तो पानी शांति का एक उपकरण बन सकता है। विश्व जल दिवस के उपलक्ष पर जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर के निर्देशानुसार व जिला सलाहकार नेहा शर्मा के मार्गदर्शन में करनाल के सभी ब्लॉक में विश्व जल दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर सभी ने जल संरक्षण को आगे बढ़ाने वह अंतरराष्ट्रीय जल दिवस की थीम शांति के लिए जल को बनाए रखने का संदेश दिया गया। पानी की हर बूंद बचाने के लिए सभी व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए जिससे प्रगति में तेजी आती है, सभी नागरिकों को जल शपथ ₹स्वच्छ जल को व्यर्थ नहीं बहाएंगे₹ लेने का संदेश दिया गया। अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सभी ब्लॉक में जल दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत गांव में लीकेज संबंधित समस्याएं दूर की गई व पानी की गुणवत्ता संबंधित संदेश दिए गए ताकि भविष्य में सभी लोग जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर अपनी अपनी जिम्मेवारी समझे।




### पानी की एक-एक बूंद कीमती

विश्व जल दिवस के अवसर पर खंड नीलोखेड़ी के बीआरसी कुलभूषण की अध्यक्षता में गांव निगदू व खंड निसिंग में बीआरसी नवनीत सिंह की अध्यक्षता में गांव सांभली व खंड असंध में बीआरसी रानी देवी की अध्यक्षता में विभाग के सदस्यों व खंड घरौंडा में बीआरसी सुरेश की अध्यक्षता में गांव डींगर माजरा व खंड करनाल में पारुल गोस्वामी की अध्यक्षता में गांव शेखपुरा व खंड इंद्री में बीआरसी संदीप वर्मा के अध्यक्षता में गांव नथौरी मैं सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों को पानी गुणवत्ता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही में विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण एवं निवारण के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 के बारे में बताया गया इस अवसर पर जिला सलाहकार नेहा शर्मा ने संदेश दिया कि आज के बच्चे कल के लिए जल का संरक्षण कर भविष्य तय करेंगेद्ध। साथ ही उन्होंने बताया की आने वाला तीसरा विश्व युद्ध जल को लेकर हो सकता है हाल ही में बेंगलुरु में हुई जल त्रासदी के बारे में बताया गया।

## पंजाबी समुदाय से हो सकता है कांग्रेस का प्रत्याशी

# करनाल उपचुनाव: प्रवेश गाबा पर दांव खेल सकती है कांग्रेस

उप चुनाव पूर्व सीएम मनोहर लाल के सदस्यता से त्यागपत्र देने के कारण हो रहा हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल


कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार प्रवेश गाबा, त्रिलोचन सिंह व अरुण पंजाबी

करनाल में विधान सभा के होने वाले उप चुनावों को लेकर पूरे प्रदेश की निगाहें लगी हुई हैं। करनाल में पहली बार विधानसभा का उप चुनाव हो रहा हैं। यह उप चुनाव पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देने के कारण हो रहा हैं। करनाल से अब तक केवल भाजपा ने ही पंजाबी समुदाय के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा हैं। कांग्रेस ने पंजाबी समुदाय को आज तक टिकट नहीं दिया हैं। वहीं इस बार कांग्रेस की तरफ से समाजसेवी प्रवेश गाबा टिकट के प्रबल दावेदार हो सकते है। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने सिख समुदाय से त्रिलोचन सिंह को टिकट दिया था, लेकिन इस बार भी उनकी उम्मीदवारी को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ सर्वाधिक मत प्राप्त किए थे। बताया जाता है कि कांग्रेस ने आज तक लोकसभा के चुनावों में भी किसी पंजाबी को टिकट नहीं दिया हैं। जब कि भाजपा ने राम लाल वधवा लक्ष्मण दास बजाज शशिपाल मेहता, चेतन दास भंडारी, चंद्रप्रकाश कथूरिया, मनोहर लाल तथा एक अन्य को टिकट दिया।

यहां से केवल चेतन दास भंडारी,सतीश कालड़ा, चंद्रप्रकाश कथूरिया और शशिपाल मेहता चुनाव हारे थे। एक बार शशिपाल मेहता चुनाव जीते थे। कांग्रेस ने आज तक पंजाबी समुदाय को टिकट नहीं दिया। कांग्रेस से पंजाबी समुदाय शुरू से ही नाराज रहा हैं। वैश्य समुदाय को भी कांग्रेस ने अधिक तरजीह नहीं दी हैं। पंजाबी वैश्य समुदाय के कांग्रेस से दूर रहने का कारण इस समुदाय की उपेक्षा रही हैं। इस बार उप चुनाव में सैनी समुदाय से नायब सिंह सैनी मैदान में हैं। पंजाबी समुदाय अपनी परंपरागत सीट को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। पंजाबी समुदाय इस बात से भी नाराज है कि उनके साथ धोखा हुआ हैं। ऐसे में कांग्रेस यदि पंजाबी समुदाय से किसी को मैदान में लाती हैं तो दिलचस्प मुकाबला होगा। करनाल से जहां सिख समुदाय से त्रिलोचन सिंह की मजबूत दावेदारी हैं। वहीं पर यदि गाबा परिवार से किसी को टिकट मिलता है तो मुकाबला कठिन हो जाएगा।

गाबा परिवार से प्रवेश गाबा के नाम पर विचार चल रहा हैं। प्रवेश गाबा ने तीन सौ से अधिक हैल्थ चेकअप कैंप लगाए हैं। वह लंबे समय से पंजाबियों की राजनीति भी करते रहे और हर मंच पर पंजाबियों की आवाजको उठाते रहे है साथी समाज सेवा के जरिए आमजन में भी अपनी मजबूत पैठ रखते हैं उन्हें हर वर्ग और बिरादरी का समर्थन मिल सकता है । उनके पिता देश राज गाबा समेत पूरा परिवार कांग्रेस की सक्रिय राजनीति से जुड़ा रहा है। पंजाबी समुदाय के साथ अन्य समुदाय के लोगों के लिए काम किया हैं।

### क्या है करनाल हलके का जातीय गणित

करनाल विधानसभा क्षेत्र में दो लाख 58 हजार वोटर हैं। यदि जातीय गणित देखें तो सामान्य वर्ग के मतदाताओं की संख्या एक लाख दो हजार हैं। इनमें पंजाबी समुदाय के वोटर्स 65 हजार हैं। इसके अलावा वैश्य समुदाय के 22 हजार, रोड़ समुदाय के 11 हजार एक सौ पैंसठ, ब्राह्मण समुदाय के 17 हजार, जाट समुदाय के 11 हजार, राजपूत साढ़े आठ हजार, मुस्लिम दो हजार दो सौ तैतीस,सिख जाट 11 हजार, ईसाई 744 मतदाता हैं। बी सी ए 38 हजार 706 बी सी बी 18 हजार 857 तथा एससी 43 हजार 668 मतदाता हैं। प्रवासी प्रवासी लोगों की संख्या बीस से तीस हजार के बीच हैं, अन्य कई समुदाय भी करनाल में रहते है जिनकी वोटों का आंकड़ा प्रकाशित किया जाएगा। चुनाव को लाइन पार एरिया के लोग प्रभावित करते हैं। मुख्यमंत्री यदि अपना आवास लइन पार ऐरिया में बनाते तो उनके लिए बेहतर रहता। मनोहर लाल की जीत के कारण लाइन पार एरिया में निवास बनाना रहा। पंजाबी समुदाय से अन्य बड़े दावेदारों में अशोक खुराना अरुण पंजाबी के नाम प्रमुख हैं। कांग्रेस मनोज वधवा के ऊपर भी डोरे डाल रही हैं। इन सबमें प्रवेश गाबा का चेहरा अलग ही चमत्कार दिखा सकता हैं।

# नि:शुल्क दंत चिकित्सा कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी


तरावड़ी। सौंकड़ा में निशुल्क दंत चिकित्सा कैंप मे भूपिन्द्र लाडी का स्वागत करते गणमान्य लोग। फोटो: हरिभूमि

ग्राम पंचायत सौंकड़ा की तरफ से करनैल सिंह नंबरदार पंचायत घर सौंकड़ा में निशुल्क दंत चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नीलोखेड़ी सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एवं गांव के सरपंच भूपेंद्र सिंह लाडी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर शुभारंभ किया। चिकित्सा कैंप में सग्गू डैन्टल क्लीनिक नीलोखेड़ी के चिकित्सकों ने सहयोग दिया। उन्होंने शिविर में आए हुए मरीजों के दांतों का मशीन द्वारा चैकअप किया ओर उन्हें दांतों को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है, इसके बारे में जानकारी अवगत करवाई। शिविर में डा. नवदीप सिंह, डा. कंवलजोत कौर, डा. वृंदा अग्रवाल व अमित पाहुजा ने मरीजों के दांतों का चैकअप किया। शिविर में आए हुए मरीजों के दांतों की जांच, एक्स-रे, दांत निकालना, दांतों की सफाई करने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। प्रबंधक लाभ सिंह खोखर ने भी शिविर में देखरेख की। ग्राम पंचायत सौंकड़ा की तरफ से करनैल सिंह नंबरदार पंचायत घर सौंकड़ा में आयोजित निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में सरपंच भूपेंद्र सिंह लाडी के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने फूल-मालाओं से आए हुए चिकित्सकों का स्वागत किया गया।

# देश को विकसित बनाने का है आगामी चुनाव: डा अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

लोक सभा चुनाव केवल लोक सभा चुनाव 2024 का ही चुनाव नही अपितु भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का चुनाव है। ये शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने दीवान गार्डेन में करनाल, नीलोखेड़ी एवं इंद्री विधान सभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए हुए कही डा अर्चना गुप्ता ने कहा की मोदी ने राम मंदिर बनाने का मार्ग ही प्रशस्त नही किया अपितु गत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा भी करवा दी। उन्होंने कहा धारा 370 को जड़ से उखाड़ कर कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया तथा मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाने का भी काम किया। डा अर्चना गुप्ता ने मोके पर ही लोगो को नमो। एप डाउन लोड करवाया। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से चलती है इसलिए सभी कार्य कर्ताओं को पार्टी में माइक्रो डोनेशन देने करना चाहिए साथ ही अपने जानकारों से भी कम से कम 5 रुपए तथा अधिक से अधिक 2000 रुपए तक माइक्रो डोशन करवाए। डा अर्चना गुप्ता ने मौके पर ही कार्यकर्ताओं से माइक्रो डोनेशन करवाया। उन्होंने मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए कहा की मनोहर सफेद कपड़ों में संत है।

### मास कॉम की छात्रा दिव्यांशी कुवि की मेरिट सूची में 9वें स्थान पर

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की छात्रा दिव्यांशी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की ओर से घोषित बीएएमसी पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी ने बताया कि बीएएमसी पांचवें सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी ने 76.4 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में नौवां स्थान हासिल किया है। डॉ. रेखा त्यागी ने इस शानदार उपलब्धि के लिए जनसंचार विभाग के प्रभारी डॉ सुरेश कुमार दुग्गल और सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

# जल के बिना जीवन अधूरा, हमें पानी की बचत करनी चाहिए : कुलबीर मलिक

- जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व जल दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



करनाल। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम के दौरान।

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल के सेक्रेटरी कुलबीर मलिक के कुशल तत्वावधान में विश्व जल दिवस कंडक्टर ड्राइविंग लाइसेंस प्रोफेशनल क्लास के उम्मीदवारों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुलबीर मलिक ने सभी को विश्व जल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया की शांति के लिए जल है पानी की जरूर हर समय रहती है। जल के बिना हमारा जीवन अधूरा है। इसलिए हमें आज से ही पानी की बचत करनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता डॉ नीना ने उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए बताया की दुनिया में जल का कोई भी विकल्प नहीं। हम भविष्य के लिए बहुत सारी चीजों का संरक्षण करते हैं। क्यों ना हम जल का भी संरक्षण आने वाली वीडियो के लिए करें हम एक समाज के जागरूक नागरिक बने और जल की बर्बादी को रोकने में सहायक बने यदि कहीं पर भी जल की बर्बादी हो रही हो तो एल फ्री नंबर 18 00 180 5678 पर फोन लगाएं यदि आज जल ना बचाया गया तो कल प्यास ही रह जाएंगे।

# वार्ड 10 को घोषित किया आत्म निर्भर: धीरज

- अब वार्ड 8, 9 व 11 में आई.ई.सी. गतिविधियां जोर-शोर से जारी, होम कम्पोस्टिंग करने के लिए किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

डोर टू डोर सैग्रीगेशन को स्थायी एवं व्यवहारिक बनाने के लिए नगर निगम कई तौर-तरीके अपना रहा है। इसमें एक आत्म निर्भर वार्ड बनाना शामिल है। इसके तहत जागरूकता गतिविधियों को लेकर नगर निगम की सफाई शाखा ने वार्ड नम्बर 10 से इसकी शुरूआत बीते दिनो की थी, जो सफल हुई है। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक (एच.एस.आई.) और सुगम स्वच्छता एजेंसी की आई.ई.सी. टीम ने वार्ड के प्रत्येक घर में जाकर हाऊस होल्ड को कूड़ा पृथ्थीकरण यानि गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने के प्रति जागरूक किया, जिसके चलते निगम का आत्म निर्भर वार्ड बनाने का प्रयोग कारगर साबित हुआ है। नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा के नेतृत्व में जोन इंचार्ज, ट्रीगर मास्टर, मोटीवेटर, स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षकों और सुगम स्वच्छता एजेंसी की आई.ई.सी. टीम को वार्ड आत्म निर्भरता के काम में लगाया गया है, जो डोर टू डोर जाकर हाऊस होल्ड को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर टिप्परों अथवा रिक्शा-रेहड़ी में डालने के लिए समझा रहे हैं। सैक्टर-13, 13 एक्सटेंशन और हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड-10 में आते हैं। इसमें हाऊस होल्ड की संख्या करीब 3800 है। उन्होंने बताया कि निगम के मोटीवेटर को यह काम दिया गया है कि वे इस वार्ड के टिप्परों में डाले जाने वाले अलग-अलग कचरे की मॉनिटरिंग का कार्य करें, जबकि एच.एस.आई. को घर-घर जाकर समझाने की ड्यूटी दी गई है। इनके अतिरिक्त एजेंसी की टीम भी घर-घर जाकर वार्ड वासियों को जागरूक कर रही है।

### वार्ड 8, 9 व 11 जल्द बनेंगे आत्म निर्भर

अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि वार्ड 10 के बाद अब उपरोक्त टीमें सम्बंधित जोन इंचार्ज के नेतृत्व में वार्ड 8, 9 व 11 में जोर-शोर से आई.ई.सी. गतिविधियां कर रही है। इसके तहत प्रत्येक हाऊस होल्ड को कूड़ा पृथ्थीकरण करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही तीनो वार्डों को आत्म निर्भर घोषित कर दिया जाएगा।

### हाऊस होल्ड को किया जा रहा जागरूक

उन्होंने बताया कि आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत हाऊस होल्ड को इस बात के लिए जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने घर में ही कम्पोस्ट पिट बनाएं और उसमें प्रतिदिन निकलने वाले गीले कचरे को डालें। ऐसे पिट को मटका विधि से, जमीन में गड्ढा कर, बाल्टी अथवा ड्रम में डालकर बनाया जा सकता है। इसी से वार्ड आत्मनिर्भर बनेगा।

## कमर में दर्द से बचाव के दिए टिप्स

# बदलती जीवन शैली से बढ़ी समस्याएं

- बदलती लाइफ स्टाइल ,नेचर के एक्सपोजर की कमी समय से पहले कमजोर बना रहा है युवाओं को : डा. . बलबीर सिंह विर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल


हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. बलबीर सिंह विर्क

देश के जाने माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. बलबीर सिंह विर्क ने कहा है कि इस दौर में लोगों पर आधुनिक लाइफ स्टाइल , जंक फूड का प्रचलन आउटडोर खेलों की कमी और एक्सपोजर की कमी भारी पड़ रही हैं। इसके अलावा महिलाओं, युवाओं बच्चों और बड़ों की कंप्यूटर लैपटॉप और मोबाइल पर बढ़ती निर्भरता के साथ पोषण की कमी जोड़ों में दर्द, कमर में दर्द रीड़ की हड्डी में विकार, सर्वाइकल के साथ अन्य रोगों का कारण बन रही हैं। खिलाडियों में पोषण की कमी के कारण इंजरी हो रही हैं। खिलाडियों को अपनी क्षमता को बढ़ाना चाहिए। उन्हें प्रशिक्षण अपने प्रशिक्षित कोच की देख रेख में करना चाहिए। वह आज खास बातचीत कर रहे थे। डा. विर्क लगभग तीन दशक से प्रैक्टिस कर रहे हैं। उनके पास प्रतिदिन सैकड़ों मरीज आते हैं। उन्होंने बताया कि खास तौर पर कंप्यूटर पर काम करने वाले दफ्तर में बैठ कर तथा लैपटॉप और मोबाइल पर लगे रहने वालों को भी कमर में दर्द के साथ सर्वाइकल की बीमारी बढ़ रही हैं।

### बीमारियों से बचाव को खान-पीन का ध्यान जरूरी

उन्होंने बताया कि चालीस साल से अधिक लोगों को जोड़ो में दर्द, घुटनों में दर्द के साथ कमर में दर्द की समस्या अधिक रहती हैं। चालीस साल से अधिक उम्र की महिलाओं को डॉक्टर की सलाह पर विटामिन डी और कैल्शियम के साथ विटामिन बी 12 की खुराक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि डाइट में बदलाव और एक्सरसाइज से हम इन बीमारियों से बचा जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि चालीस साल से कम उम्र की महिलाओं में कमर में दर्द की शिकायत मिलती हैं। उन्होंने बताया कि जोड़ों में दर्द से बचने के लिए प्रतिदिन साइकिल चलाना चाहिए।

# राज्य मंत्री से मिले अनूप भारद्वाज

- 5 व 6 अप्रैल को आयोजित आयोजित होने वाले वार्षिक मेले के लिए किया आमंत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल


करनाल। राज्य मंत्री असीम गोयल को बधाई देते हुए अनूप भारद्वाज कश्यप।

आल इंडिया कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज कश्यप ने अपनी समस्त टीम के साथ असीम गोयल के निवास स्थान पर उनको हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री बनाए जाने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अनूप भारद्वाज कश्यप ने बताया कि आल इंडिया कश्यप राजपूत समाज की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज द्वारा वार्षिक मेला 5 व 6 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें उन्होंने राज्य मंत्री असीम गोयल को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर शमशेर सिंह, छत्र पाल, शाम सुंदर कश्यप, प्रताप सिंह, नरेश कुमार सोनू, अश्विनी कुमार, सुरिंदर भगोत्रा, विजय कुमार बॉबी, शैली सनोत्रा, सोम नाथ, कस्तूरी लाल, रमेश मल्होत्रा, बलदेव राज नान वाले, वरिंदर हातड, देवेंद्र व जुगल किशोर व राज कुमार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मेधावी छात्राएओं को किया पुरस्कृत

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाली होनहार छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष भी कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस शैक्षणिक सत्र में कक्षा नौवीं में 184 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनका परिणाम इस प्रकार रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति से अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला, वाइस चेयरमैन सीए कमल किशोर, मैनेजर अरुण आर्य, कैशियर नरेश गर्ग ने सभी अध्यापिकाओं तथा बच्चों को बधाई।

### कोलाज मेकिंग में मनीषा प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में मैथमेटिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान मनीषा, इंदिरा गांधी (पीजी) महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान पर सुमेधा, आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद, मरकंडा व तृतीय माधवी मित्तल, कॉलेज, पलवल रहे। विजयी छात्राओं को नकद राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रो. मनीष, प्रो. कोमल, प्रो. भावना, प्रो. कीर्ति, प्रो. सुमित व प्रो. प्रियंका द्वारा किया गया।

### स्कूल में छात्राओं ने होली खेली

**पानीपत।** चौधरी देवी लाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय में वूमेन सेल के द्वारा होली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कपिला कादयान धर्मपत्नी कॉलेज प्रधान देवेंद्र कादियान) ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की कार्यक्रम की शुरूआत फूल मालाओं से मुख्य अतिथि का प्रिंसिपल डॉक्टर सुमन लता व स्टाफ मेंबर्स ने स्वागत किया। छात्राओं ने भी मुख्य अतिथि को मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### तीन बेटियों का पिता लापता

**पानीपत।** पानीपत के विराट नगर निवासी आकांशा ने पुलिस को दी शिकायत में अपने पिता 52 वर्षीय कमल कुमार के लापता होने पर उनकी तलाश कराए जाने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करते हुए कमल की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आकांशा ने बताया है कि हम तीन बहने हैं। उनकी मां का देहांत हो चुका है। मेरे पिता कमल कुमार जाटल रोड स्थित एक फैक्टरी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करते हैं। गत 10 मार्च को हम तीनों बहनें मकान के ऊपर छत पर थी जबकि मेरे पिता नीचे थे। जब हम नीचे आए तो मेरे पिता हमें घर पर नहीं मिले।

### हरियाणा में अकेले लोस चुनाव लड़ेगी बसपा: सार्थी

**पानीपत।** हरियाणा में बसपा अकेले ही अपने दम पर इलेक्शन की तैयारी में लगी हुई है। जिसको लेकर आज बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सार्थी ने जिला अध्यक्ष फूल कुमार नंबरदार, पूर्व जिला अध्यक्ष मांगेराम, ग्रामीण विधानसभा के अध्यक्ष रामपाल सारसर, उपाध्यक्ष राकेश बिंझौल, इसराना विधानसभा के अध्यक्ष बलबीर, समालखा विधानसभा के अध्यक्ष राजेश झटटीपुर, धर्मवीर हुडा शहरी विधानसभा अध्यक्ष, रामकरण चौहान जिला सचिव से मिलकर आत्म मंथन किया गया।

# शिक्षित समाज में कुरीतियों के लिए कोई जगह नहीं : पोशवाल

- रेडक्रास सही मायने में जरूरतमदों व गरीब लोगों के लिए कार्य कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के कुशल मार्गदशन में रेडक्रास सोसाइटी, पानीपत के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास शिविर का समापन राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नगराधीश टिनू पोशवाल ने शिरक्त की और 16 स्कूलों से आए हुए 121 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित। इस अवसर पर सचिव गौरव राम करण, प्राचार्या प्रतिमा शर्मा, शिविर निदेशक हरमेश चन्द, उप अधीक्षक विनोद कुमार, जेआरसी कोर्डिनेटर मीना कुमारी, आरसीआईटी निदेशक सोनू सिंह, कुलदीप सिंह, स्टेज कोर्डिनेटर गुलाब पांचाल, सुनील कुमार, सुदेश कुमारी, कला भारद्वाज विशेष तौर पर उपस्थित रहे। समापन समारोह की शुरूआत अतिथिगण को रेडक्रास कैप व स्कार्फ पहनकर की गई। दीप प्रज्वलन किया गया और रेडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना जी को पुष्प अर्पित किए गए। वहीं सीटीएम पोसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि रेडक्रास द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को सही दिशा मिल रही है। रेडक्रास सही मायने में जरूरतमदों व गरीब लोगों के लिए कार्य कर रही है। रेडक्रास द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने, रक्तदान शिविर, दिव्यांगजनो के लिए सहायक उपकरण उपल्ब्ध करवाना बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने सभी को वोट के सही प्रयोग बारे प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा संगीत प्रतियोगता, डांस प्रतियोगिता, पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता इत्यादि के विजेताओं को अच्छे प्रदर्शन के लिये बधाई दी। सचिव गौरव रामकरण ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए शिविर के बारे में अवगत करवाया और कहा कि प्रतिभागियों को समाज सेवा के क्षेत्र से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए गए ताकि यूथ प्रोत्साहित होकर समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने में सहयोग दें। शिक्षित समाज में कुरीतियों के लिए कोई जगह नहीं है।



पानीपत। रेडक्रास सोसाईटी के जिला स्तरीय जूनियन शिविर में भाग लेते हुए अधिकारीगण व नागरिक आदि। फोटो : हरिभूमि

## एसडी पीजी कॉलेज के एनएसएस कैंप में विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण की शपथ ली

# जल संचयन के लिए समाज को नई आचार संहिता का निर्माण करना होगाः डॉ. अनुपम

- विश्व जल दिवस मनाने का उद्देश्य प्रकृति संरक्षण का व्यवहार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष आवासीय कैंप के पांचवें दिन मुख्य अतिथि खेल और युवा मंत्रालय एनएसएस निदेशालय नई दिल्ली से फील्ड ऑफिसर मनोज कुमार ने शिरकत की और स्वयंसेवकों को नियमित मतदान एवं जल संरक्षण के बारे में मार्गदर्शित किया। उनके साथ सतबीर चड्ढा भी कैंप का हिस्सा बने। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी ने पुष्प-रोपित गमलें भेंट करके किया। विश्व जल दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण की शपथ ली और साथ ही नियमित और निर्भीक मतदान करने का प्रण लिया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर समाज में पानी को बचाने का सन्देश दिया। कॉलेज में पौधरोपण की विशेष ड्राइव भी चलाई गई। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है इसलिए जल संरक्षण मनुष्य का पावन कर्तव्य है। गोवा का उदाहरण देते हुए उन्होनें कहा कि वहां की धरा पर 4000 मिली लीटर वर्षा होती है जिसका संरक्षण नहीं हो पाता है और सारा जल समुद्र में बह जाता है। ऐसे में जल संचयन के लिए समाज के सभी वर्गों को एक साथ मिलकर एक नई आचार संहिता बनानी होगी। विश्व जल दिवस मनाने का उद्देश्य प्रकृति संरक्षण का व्यवहार है। बड़े-बड़े नारे लगाने की बजाये छोटे-छोटे व्यवहार प्रकृति रक्षा के आदर्श व्यवहार हो सकते है। आज का दिन पानी बचाने के लिए खुद से संकल्प करने का दिन है। प्रकृति ने जीवन जीने के लिए जो जल हमें उपलब्ध कराया है उसके लिए हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम प्रकृति के इस खजाने का जितना हो सके उतना उसे वापिस करे।



पानीपत। एसडी कॉलेज में जल संरक्षण की शपथ लेती हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# हर कष्ट को हर लेती है विनय पूर्वक की गई सेवा

- श्री शुभम मुनि ने भगवान महावीर ने विनय को धर्म का मूल बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री शुभम मुनि व श्री शालिभद्र अग्रवाल मंडी स्थानक में पहुंचे। यहां पर प्रवचन करते हुए श्री शुभम मुनि ने कहा कि भगवान महावीर ने विनय को धर्म का मूल बताया। विनय पूर्वक की गई गुरु सेवा सब प्रकार के कष्टों को हरने वाली होती है। संत उपमन्यु के कथानक को सुनाया जो कि गुरुभक्ति व विनय की पराकाष्ठा को दशार्ता है। जब उपमन्यु ने भिक्षाटन से प्राप्त खाद्य सामग्री अपने गुरु महर्षि अयोध धौम्य को दी तो उन्होंने तंदरुस्त उपमन्यु को कुछ भी खाने के लिए नहीं दिया। इसके बावजूद उपमन्यु को उतना ही तंदरुस्त देख गुरु ने पूछा तो उसने बताया कि दोबारा भिक्षा ले आता हूं। गुरु ने इसके लिए मना कर दिया तथा आगे भी कुछ दिन तक भोजन ना देने पर भी उपमन्यु पर कोई फर्क न पड़ा देख पूछने पर उसने बताया कि मैं जो गाय चराने जाता हूं उन्हीं का दूध पी लेता हूं। गुरु ने इसके लिए भी मना करने उसने वृक्षों के पत्ते खाने प्रारंभ कर दिए। एक दिन एक आक का पत्ता खाने से आंख की रोशनी चली गई और वह कुएं में गिर गया। दो दिन तक भूखा प्यासा वहीं बैठा सोचता रहा कि मैंने बिना गुरु की अनुमति के पत्ते खाये थे उसी का मुझे दंड मिला है।

गुरु ढूंढते-ढूंढते वहां आये उसको कुएं से निकाला तथा उसे देवताओं के वैद्य अश्विनी का आह्वान करने के लिए कहा। आह्वान करने पर देवता प्रकट हुआ और उसे एक पुआ खाने के लिए दिया। उपमन्यु ने नहीं खाया यह कहकर कि बिना पूछकर खाने की गुरु आज्ञा के उल्लंघन करने की गलती दोबारा नहीं दोहराऊंगा। इस पर अश्विनी कुमार ने खुश होकर उसकी आंख वैसे ही ठीक करदी तथा उसे सभी धर्म शास्त्रों के विद्वान होने का वरदान दे दिया। इस अवसर पर गौतम जैन, राजेंद्र जैन, विजेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन, सुकेश जैन, विशाल जैन, डॉ.एपी जैन आदि मौजूद रहे।

# लीनस क्लब पानीपत ग्रेटर अपना आशियाना में होली मनाई

- सभी को गुलाल का तिलक लगाया गया और फिर गुजिया, समोसा व फल खिलाकर होली की बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

लीनस क्लब पानीपत ग्रेटर की मेंबर मीना बंसल ने अपने बेटे और अपने नाती के जन्मदिन जनसेवा दल अपना आशियाना उन बुजुर्गों के साथ मनाया। सभी को गुलाल का तिलक लगाया गया और फिर गुजिया, समोसा व फल खिलाकर होली की बधाई दी। वही, उन्होंने कहा कि होली पर्व सद्भवना का संदेश देता है। सभी को होली पर्व सद्भावना के साथ मनाना चाहिए।

होली पर्व पर फिजूल खर्ची ना करके जरूरमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो हाथ जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठता है उसे ही भगवान आर्शीवाद देने के लिए पकडते है। वहीं जन सेवा दल के सचिव चमन गुलाटी ने क्लब का धन्यवाद किया। इस अवसर पर क्लब की प्रधान वीना गोयल, शोभा सिंगला, नेहा अग्रवाल, डा.कालिंदी आदि मौजूद रहे।



पानीपत। लीनस क्लब की पदाधिकारीगण अपना आशीयाना में होली पर्व मनाते हुए।

# जनता की सेवा करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य : ढांडा

- महिपाल ढांडा का जोरादर स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आरडब्ल्यूए हुडा सेक्टर 17 ने प्रधान भीम सचदेवा के नेतृत्व में हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार महिपाल ढांडा का जोरादर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए सेक्टर 13, लोकेश नांगरू, सुरेश गुंबर, सुभाष गुलाटी, हरबंस आनंद, सुरेंद्र परुथी, कपिल मखीजा, बंटी चुघ, संजय तोमर, विजय पंडित, मानव गोयल, आशु नंदा, सुनील थम्मन, मुकेश जागलान, रमेश सोनी, गुलशन सचदेवा, लाजपत ग्रोवर, लाजपत मल्होत्रा, अमर मिगलानी, सुनील मल्होत्रा, सतीश चौधरी आदि सदस्य मौजूद रहे। वही, मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने संबोधन में सभी सेक्टर वासियों का धन्यवाद किया और कहा की पानीपत वासियों के लिए में हमेशा पहले की तरह सेवा करता रहूंगा। मेरे द्वार आप सभी के लिए पहले की तरह हमेशा खुले रहेंगे। आप सभी सेक्टर वासियों ने हमेशा मेरा साथ दिया और हौंसला बढ़ाया। उन्होंने सेक्टर 17 को हरियाणा का सबसे सुंदर सैक्टर बनाने का वायदा किया। इस अवसर सभी ने मिलकर फूलों और तिलक की होली खेली और सभी को रंगों के त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मंच संचालक हरीश अरोड़ा महामंत्री बिचपडी मंडल ने कार्यक्रम में आए हुए सभी सेक्टर वासियों का धन्यवाद किया।



पानीपत। हरियाणा सरकार के मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ मेधावी विद्यार्थी।

# आर्य कॉलेज की चार छात्राएं केयू की मेरिट में

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने एमए अर्थशास्त्र के प्रथम सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए। जिसमें आर्य कॉलेज की 4 छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान बनाया व महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का कालेज प्रांगण में मिठाई खिलाकर स्वागत किया व उनके उज्वल भविष्य की कामना की और साथ ही कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोण सतबीर सिंह समेत सभी स्टाफ सदस्यों को इस खास अवसर पर बधाई दी। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि मेरिट में स्थान बनाने वाली अंकिता, कोमल और रितिका देवी ने 362 अंक लेकर संयुक्त रूप से सातवां स्थान व रशिका मेरिट सूची में शामिल हैं।

# विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए दो प्रकार से कार्य किया जा रहा है। सबसे पहले नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का कार्य हो रहा है। दूसरा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराया जा रहा है। डॉ. वर्मा ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला समालखा में एक दिवसीय 58 वां और वैश्य कन्या महाविद्यालय समालखा में 59 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित किया और विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया। वहीं, दोनों स्थानों पर प्रयास इंडिया के सदस्य विनोद शर्मा और राजेश कौशिक साथ रहे। वही, डॉ. वर्मा ने स्वरचित कविता गायन कर नशे से होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी ली।



पानीपत। नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए एसआई डॉ. अशोक वर्मा। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। इनसो की नवनियुक्त नेत्रियों का स्वागत करते हुए इनसो जिलाध्यक्ष बलराज देशवाल आदि।

### राजकीय महिला कॉलेज की इनसो की प्रधान बनी काजल

**पानीपत।** इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला और इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल, इनसो प्रदेश प्रभारी रवि मसित, इनसो प्रदेश अध्यक्ष अजय राव से विचार विमर्श करके राजकीय महिला कालेज मडलौड़ा की इनसो की कार्यकारिणी घोषित की है। छात्र नेता देशवाल ने बताया की कार्यकारिणी में काजल दहिया को कॉलेज प्रधान, रितिका शर्मा को उपप्रधान, अनिता पांचाल को कालेज चैयरमैन और आशु ढोंचक को सेक्रेटरी और नैन्सी बिजला को जांईट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर निधि देशवाल, शीतल सिंह, एकता खोखर, संध्या दहिया, सोनम सिंह, प्रति ठाकुर, काजल कश्यप, राधिका सैनी आदि छात्रांए मौजूद थी।

### लोस चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सद्भावना बनाए रखें

**पानीपत।** लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को जिला के विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कहा कि सभी राजनैतिक दल लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए प्रचार करें और प्रशासन को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें। डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने कहा कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसा कोई कार्य न करें जिसमें विभिन्न जातियों, धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाने की बात हो अथवा घृणा, तनाव पैदा हो।

## शिविर में विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम के गुर सिखाए

# स्वयं सेवी विद्यार्थियों ने निकाली जन जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत योग अभ्यास से हुई। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी व मुख्य योग प्रशिक्षक अशोक अरोड़ा व सुमन ने विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम के गुर सिखाए। कार्यक्रम अधिकारी विवेक गुप्ता व डॉ.मनीषा डुडेजा ने अशोक अरोड़ा व सुमन का धन्यवाद किया। देवेंद्र एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को एंट्रेंपरेनेर बनने के गुर सिखाए। उसके पश्चात नयी पहेली वेलफेयर सोसाइटी से कुणाल कपूर, मेघना कपूर, दीपक शर्मा व गगन ने अपनी सोसाइटी की गतिविधियों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया।



पानीपत। आर्य कॉलेज के एनएसएस कैंप में शिक्षक करते हुए अतिथिगण।

### एनएसएस टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

सायंकालीन सत्र में गावं नंगालखेड़ी में स्वयंसेवकों ने घर घर जाकर वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया। जन जागरूकता रैली निकाली। इसके अंतर्गत गाववासियों को गूगल पे,फोन पे, भीम एप के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से विद्यार्थी न सिर्फ स्वयं जागरूक होते हैं अपितु समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विवेक गुप्ता, डॉ.मनीषा डुडेजा व समस्त एनएसएस टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री प्रवीन सुपुत्र स्वर्गीय श्री रामसरूप निवासी मकान नम्बर 152/25, नजदीक हनुमान मंदिर, कृष्णपुरा पानीपत -बनाम- जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री प्रवीन सुपुत्र स्वर्गीय श्री रामसरूप निवासी मकान नम्बर 152/25, नजदीक हनुमान मंदिर, कृष्णपुरा पानीपत ने अपने दादा लज्जा राम सुपुत्र श्री सुन्दर लाल की जायदाद का हवाला देते हुये एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। प्रार्थी के दादा मई सुख उर्फ मनसा राम सुपुत्र श्री नन्दा राम की मृत्यु दिनांक 26/06/1983 को हो चुकी है, यह. कि प्रार्थी के दादा की माता की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है, यह कि प्रार्थी की दादी श्रीमति फूलवती धमर्पत्नी श्री मई सुख उर्फ मनसा राम की मृत्यु दिनांक 06/02/1992 को हो चुकी है। जिनकी मृत्यु के बाद इनके जायज वारिस निम्नलिखित प्रकार से हैं:- 1. रामसरूप (मृतक) सुपुत्र 2. धर्मपाल (मृतक) सुपुत्र 3. कलावती सुपुत्री स्वर्गीय मई सुख उर्फ मनसा राम है। यह कि प्रार्थी के पिता जी रामसरूप सुपुत्र स्वर्गीय श्री मई सुख उर्फ मनसा राम की मृत्यु दिनांक 24/01/1999 को हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के पिता की मृत्यु के बाद बाद इनके वारिस निम्न है:- 1. कमलेश विधवा 2. सुनील सुपुत्र 3. संदीप सुपुत्र 4. प्रवीन सुपुत्र स्वर्गीय श्री रामसरूप है। यह कि प्रार्थी के चाचा धर्मपाल सुपुत्र स्वर्गीय मई सुख उर्फ मनसा राम की मृत्यु दिनांक 30/09/2003 को हो चुकी है। प्रार्थी के चाचा की मृत्यु बाद इनके जायज वारिस निम्न है:- 1. सुमित्रा विधवा 2. अनिल सुपुत्र 3. प्रदीप सुपुत्र 4. मीनाक्षी सुपुत्री स्वर्गीय श्री धर्मपाल सुपुत्र मई सुख उर्फ मनसा राम है। उपरोक्त वारसान के इलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बात इश्तहार आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

राधिका पुत्री स्व. श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदीश लाल निवासी मकान नं. 380 राम नगर तहसील कैम्प पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि राधिका पुत्री स्व. श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदीश लाल निवासी मकान नं. 380 राम नगर तहसील कैम्प पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदीश लाल की मृत्यु दिनांक 28.06.2019 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदीश लाल के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. राधिका (पुत्री) 2. पूर्वा (पुत्री) ही जायज वारिस है मृतक की पत्नी श्रीमति गीता देवी का बजरीये कोर्ट तलाक हो गया है। मृतक की माता जमना देवी का दिनांक 27.05.2010 को देहान्त हो गया है अंजली शर्मा पार्षद वार्ड नं. 03 नगर निगम पानीपत व लेखराज पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृत्तक स्व. श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदीश लाल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदीश लाल के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेजों का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 14/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

शिव कुमार सुपुत्र श्री मुख्तार सिह निवासी मकान नम्बर 280, विवर्स कालोनी तहसील व जिला पानीपत -बनाम-

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री शिव कुमार सुपुत्र श्री मुख्तार सिह निवासी मकान नम्बर 280, विवर्स कालोनी तहसील व जिला पानीपत ने अपने भाई आन्नद सुपुत्र श्री मुख्तार सिंह की जायदाद का हवाला देते हुये एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। प्रार्थी के भाई आन्नद सुपुत्र श्री मुख्तार सिंह निवासी मकान नम्बर 280, विवर्स कालोनी, तहसील व जिला पानीपत की मृत्यु दिनांक 04/10/2006 को हो चुकी है, यह कि प्रार्थी की माता श्रीमति राजकुमारी धर्मपत्नी श्री मुख्तार सिंह की मृत्यु दिनांक 01/04/2009 को हो चुकी है। यह कि सीमा शर्मा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री आन्नद की मृत्यु दिनांक 04/07/2003 को हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के भाई आन्नद सुपुत्र श्री मुख्तार सिंह की मृत्यु बाद निम्न जायज वारिस है:- 1. संकेत शर्मा सुपुत्र 2. टविंकल शर्मा सुपुत्री स्वर्गीय श्री आन्नद शर्मा हैं। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्तक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बात इश्तहार आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

## खबर संक्षेप

### शैमरॉक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**बराड़ा।** शैमरॉक विद्यालय के प्रांगण में ''ग्रेजुएशन सेरेमनी' का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य नन्हें सितारो को विदाई पार्टी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देना था। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ज्ञानचन्द जैन (समाजसेवी),पुष्पा और ब्रह्म कुमारी दीदी सविता व दीदी चेतना जी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत सैपलिंग देकर किया गया।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**जींद।** गांव झांज कला के निकट तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपती घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घोघडिया निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसकी पत्नी पूजा को बाइक पर लेकर शहर में आ रहा था।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**गुहला चीका।** उपमंडल के गांव हरिगढ़ किंगन में हुई एक सड़क दुर्घटना में जग्गू नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक युवक हरिगढ़ गांव का ही रहने वाला था बाइक वाली जुगाड़ गाड़ी चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था और इसी दौरान सड़क दुर्घटना के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्करी कर शराब ले जा रही बोलेरो गाड़ी पकड़ी

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव लुदाना के निकट बोलेरो गाड़ी को काबू कर उसमें से चार पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने पकडे.गए गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव मोरखी की तरफ से बोलेरो गाड़ी में शराब को तस्करी कर गांव लुदाना की तरफ लाया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल

**कैथल।** राजौंद में मोटरसाइकिल चालक ने एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजौंद निवासी 89 वर्षीय शीला देवी ने पुलिस को शिकायत दी कि 21 मार्च को सुबह के समय वह कस्बे के मुख्य मार्ग से जा रही थी। सागर नामक चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते उसे टक्कर मार दी।

### पाई में नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

**पाई।** पाई में 28- 29 मार्च को दो दिवसीय नेशनल कबड्डी स्पर्धा होगी। डीपी दिलबाग ने बताया कि प्रतियोगिता में बड़ी-बड़ी टीमें भाग लेंगी। बताया कि 28 को 57 किलो वर्ग की प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रवेश शुल्क 200 रुपये होगा। प्रथम टीम को 11 हजार , द्वितीय को 7100 रुपये तथा तृतीय व चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 2100- 2100 रुपये दिए जाएंगे।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को मेयर ने सुभाष पार्क की करवाई सैर, गुलाल लगाकर मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

मेयर शक्तिरानी शर्मा ने वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ किए गए वायदे को पूरा किया। सभी बुजुर्गों को उनकी ओर से अंबाला कैंट में बने सुभाष पार्क की सैर करवाई।इस दौरान मेयर शक्तिरानी शर्मा बस के माध्यम से सभी बुजुर्गों को लेकर सुभाष पार्क पहुंची और रंगारंग कार्यक्रम के साथ बुजुर्गों के साथ मिलकर होली का त्यौहार मनाया। मेयर ने बुजुर्गों को तिलक करते हुए होली की बधाई दी। बुजुर्गों ने भी भजन, संगीत और अपनी कला दिखाते हुए खूब मस्ती की। इस दौरान बुजुर्गों ने कई गेम खेली है। विजेताओं को शक्तिरानी शर्मा की तरफ से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। सुभाष पार्क में करीब दो घंटे बिताने के बाद शर्मा ने एक निजी रेस्टोरेंट में सभी को लंच करवाया। मेयर ने उन सभी बुजुर्गों को सहारा दिया जोकि ठीक से चल नहीं पा रहे थे। लंच के समय भी बुजुर्गों की सेवा करती नजर आई। शर्मा ने कहा कि वह कई बार वृद्धाश्रम में जाकर कार्यक्रम कर चुकी है। इससे पहले जब वह वृद्धाश्रम गई थी तो उस समय बुजुर्गों से वायदा किया था कि उन्हें पिकनिक पर लेकर जाएगी। इसके बाद होली का त्यौहार आया। वह बुजुर्गों को सुभाष पार्क में घुमाने लेकर आई हैं। शर्मा ने कहा कि बुजुर्गों के साथ समय बिताकर अच्छा लगा और वह भी बहुत खुश नजर आए। दिल चाहता है कि बार बार मुलाकात करती रहूं और उनके साथ समय बिताए। एक सवाल का जवाब देते हुए शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि अपनों से दूर होने का दुख सभी के चेहरें पर दिखाई दे रहा था। सभी ने मेयर का धन्यवाद किया, क्योंकि वह लंबे समय के बाद ऐसे कहीं बाहर घुमने आए हैं। इस अवसर पर निगम सदस्य राजेंद्र कौर, बृजलाल सिंगला, सेक्टर-10 प्रधान कमल सिंगला, वीके शर्मा, एसपी भनोट, नीना शर्मा, रंजू अग्रवाल, रविंद्र सौंडा, डिंपल मलिक, मंथन, वरदान, राजू, अंकित, प्रिंस, कमल, विनय बक्शी, मनीष वर्मा आदि रहे।


**अंबाला।** होली को लेकर एक बुजुर्ग के माथे पर गुलाल लगाते हुए मेयर शक्ति रानी शर्मा।

## जीएमएन कॉलेज में शिक्षकों ने खेली होली

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में में शुक्रवार को शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच होली उत्सव का आयोजन किया गया ।इस उत्सव में सभी कर्मचारियों सहित कालेज के सभी विभागों के प्राध्यापकों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य ने खुद भी सभी के साथ मिलकर होली खेली और सामाजिक मिलनसार माहौल की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि होली एक महत्वपूर्ण पर्व है जो समाज में खुशी और मित्रता का संदेश लेकर आती है ।इस उत्सव के माध्यम से शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच एकता और अपनत्व का भाव बढ़ाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्टाफ सदस्यों के लिए विशेष लंच की व्यवस्था की गई थी ।प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्यौहार है। इस दिन सभी गिले शिकवे भुलाकर सच्चे दिल से एक दूसरे को अपनाना चाहिए। इससे सद्भावपूर्ण माहौल बनता है और रिश्तो को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर डॉ. सीमा कंसल, डॉ. केके पूनिया ,डॉ.एसएस नैन, डॉ. पांडे ,डॉ.बृजेश ,डॉ राकेश कुमार ,डॉ अनुराधा ,कमलेश, डॉ. ज्योति ,डॉ. राजेंद्र देशवाल , मंजीत कौर सहित कालेज के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के सदस्य मौजूद रहे।


**अंबाला।** कॉलेज में शिक्षकों के साथ होली खेलते हुए प्राचार्य।

## कैश व शराब के साथ नशीले पदार्थों पर रहेगी नजर

# लोकसभा चुनाव: पड़ोसी राज्यों से जुड़ी सीमाओं की नाकाबंदी

हर रैली व रोड शो की करवाई जाएगी वीडियोग्राफी, भडकाउ ब्यान व गलत भाषा का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला


**अंबाला।** चुनाव ड्यूटी अधिकारियों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिर्ण व निष्पक्ष करवाने में कर्मचारियों व अधिकारियों की अहम भूमिका होती हैं। उन्होंने चुनावी ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को ईमानदारी व निष्ठा से काम करने का आहव्रान किया है। डॉ. शालीन शुक्रवार को कृषि सदन में स्टैटिक सर्विसलांस , फलाइंग स्कवॉयड, वीडियो सर्विसलांस व वीडियो ब्यूइंग टीम के साथ-साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के तहत सभी टीमें फील्ड में ड्यूटी पर रहेंगी। वह चुनाव से सम्बधित हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। चुनाव को निष्पक्ष, बिना प्रलोभन व पारदर्शिता तरीके से करवाने के लिए सीमा के तहत इंटर स्टेट सात जगहों पर नाके लगाए गए हैं। सभी टीमें ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ सुबह व शाम के तहत निर्धारित शैड्यूल अनुसार ड्यूटी करेंगी। इस दौरान वह गाडियों की चेकिंग करना सुनिश्चित करेंगी। जरूरत से ज्यादा कैश, शराब, नशे से संबंधित सामान की जांच की जाएगी। इसकी बकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी।

इसके साथ-साथ इस टीम को एक रजिस्टर भी उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें यह जो भी कार्रवाई को अंकित करेंगे। उसकी रिपोर्ट जिला चुनाव कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में भेजी जाएगी। इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एआरओ व एईआरओ भी निरीक्षण करते हुए अपनी रिपोर्ट देंगे। ड्यूटी अधिकारी का पंजीकृत मोबाईल की लोकेशन को बंद नहीं करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने फ्लाइंग स्कवॉयड टीम के विषय पर बताया कि इसके तहत 24 टीमें गठित की गई हैं।

विधानसभा वाइज छह-छह टीमें सुबह व शाम के समय शेडयूल अनुसार अपनी ड्यूटी करेंगी। चौक चौराहे पर चस्पाई गई प्रचार सामग्री को हटवाया जाएगा। उसकी वीडियोग्राफी करते हुए उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम में देगें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह की जनसभा व रोड शो के साथ-साथ अन्य की आरओ व एआरओ से परमिशन लेनी होगी। यदि कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता की उलघंना पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान भी है। रैली, जनसभा, रोड शो की हर गतिविधि की वीडियोग्राफी की जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम यश जालुका, चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार के साथ-साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहे।

## लक्कड़ बाजार से लकड़ी उठाने पर हंगामा

- नगर परिषद कर्मियों से उलझे व्यापारी
- विवाद बढ़ने पर कांग्रेस नेत्री चित्रा ने एसडीएम से की मुलाकात, समस्या के समाधान के बाद शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

लक्कड़ बाजार से जबरन लकड़ी उठाए जाने को लेकर शुक्रवार को हंगामा हो गया। बाजार के कारोबारियों ने नगर परिषद की इस कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। विरोध के दौरान ही कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों से मुलाकात कर कार्रवाई पर ऐतराज जताया। इसके बाद अधिकारियों ने कार्रवाई रोक दी। दरअसल शुक्रवार को नगर परिषद अधिकारियों के आदेश पर कर्मियों ने लक्कड़ बाजार में बाहर पड़ी लड़की को जबरन उठाकर ट्रॉलियों में लादना शुरू कर दिया। इसी बात पर लक्कड़ कारोबारी कर्मियों से उलझ गए। कार्रवाई का विरोध होने पर मामला बिगड़ गया। मामले की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा भी मौके पर पहुंच गई। चित्रा ने नगर परिषद के अधिकारियों को कहा की ये 1947 से पहले की लक्कड़ मंडी है। इनको उचित जगह बनाकर दो फिर अगर कोई सामान बाहर रखता है तो अधिकारी कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को बेवजह तंग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा की इनका समान आता है बोली होने के बाद उठ जाता है इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।


**अंबाला।** एसडीएम से मुलाकात करती चित्रा।

### सीआईए ने मारा छापा लकड़ियों के ढेर में छुपा रखा था गांजा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने छापेमारी कर गांव धमतान साहिब मंदिर के साथ प्लाट में लकड़ियों के बीच छुपा कर रखे गए एक किलो 300 ग्राम गांजापत्ति को बरामद किया है। गढ़ी थाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब निवासी सुनीता नशीले पदार्थ बचने का कार्य करती है। पूर्व में भी सुनीता के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। सुनीता ने मंदिर की दिवार के साथ अपने प्लाट में लकड़ियों के ढेर में नशीला पदार्थ छुपाया हुआ है।

## केजरीवाल अपने वोट बैंक के लिए कुछ भी कर सकते है

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

प्रदेश के राज्यमंत्री असीम गोयल ने दिल्ली शराब घोटाले में ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कड़ा बयान दिया है। उन्होंने केजरीवाल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर वे सच्चे होते तो ये ईडी के पहले नोटिस पर ही पेश हो जाते। ईडी ने केजरीवाल को कई नोटिस दिए लेकिन ये पेश नहीं हुए। गोयल ने कहा कि केजरीवाल यदि सच्चे हैं तो अपनी बेगुनाही के सबूत दिखाएं और उसे साबित करें। केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि ये अपने वोट बैंक को बचाने के किये देश की सुरक्षा को भी गिरवी रख सकते हैं। गोयल ने कहा कि अगर केजरीवाल फर्जीवाल नहीं हैं तो कोर्ट में अपनी बेगुनाही साबित करें। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर राहुल गांधी ने भी सवाल खड़े किए हैं।इसको लेकर राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि राहुल गांधी से अगर इंडी गठबंधन के घटक दलों के नाम पूछ लिए जाएं तो वो 3 से ज्यादा नाम नहीं बता पाएंगे।


राज्यमंत्री असीम गोयल।

## राजनीतिक द्वेष के चलते हो रही है एकतरफा कार्रवाई : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। मुलाना

विधायक वरुण चौधरी ने सरकार द्वारा कांग्रेस के खाते सीज किए जाने पर प्रतिक्रिया की है। उन्होंने इसे पूरी तरह गैर-कानूनी और अलोकतांत्रिक करार दिया। विधायक ने कहा कि पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। चौधरी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन-फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की गई कार्रवाई, इसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होती है।


विधायक वरुण चौधरी।

### एनसीसी यूनिट ने छात्राओं को जल का महत्व बताया

**अंबाला।** आर्य गर्ल्ज कॉलेज में जल संरक्षण सैल तथा एनसीसी यूनिट के द्वारा मनाया गया जिसके तहत छात्राओं को जल का महत्व बताया गया तथा इसे संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी तथा एनसीसी यूनिट की इंचार्ज डॉ. पंकज धांगड़ ने बताया कि पहली बार विश्व जल दिवस 1993 में मनाया गया था तथा इसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षित करने हेतु जागरूक करना है। प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने बताया कि जल हमारे स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा तथा वनस्पति के विकास के लिए बेहद जरूरी है।

## दमनकारी नीतियों से लोकतंत्र का गला घोट रही है भाजपा

- कांग्रेस के खाते फ्रिज करना, विपक्षी मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भाजपा की निराशा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

कांग्रेस नेता निर्मल सिंह ने शुक्रवार को अंबाला शहर के नाहन हाउस व आस पास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत एक डोर टू डोर कार्यक्रम से की। इसी कड़ी में छावनी में कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने छावनी के कच्चा बाजार बलदेव डेरी चौक व आस पास के इलाकों में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुवात की। इस अवसर पर निर्मल सिंह ने कांग्रेस के खाते सीज किए जाने पर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए इस पूरी प्रक्रिया को गैर-कानूनी और अलोकतांत्रिक करार दिया।

निर्मल सिंह ने कहा कि पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। निर्मल सिंह ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन-फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की गई कार्रवाई, इसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होती है। चित्रा ने कहा कि चुनावी चंदे के लेन-देन में अपारदर्शिता, कांग्रेस के खातों को फ्रिज करने और विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाने की कार्रवाई के विरुद्ध तमाम लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं से छेड़छाड़ और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का ह्रास, देश के लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है।


**अंबाला।** कांग्रेस नीतियों का प्रचार करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व अन्य।

### मोटे ब्याज का झांसा दे लगाया साढ़े 12 लाख का चूना, केस

**सफीदों।** उधार राशि पर माटे ब्याज का झांसा देकर लगभग साढे 12 लाख रुपये का चूना एक व्यक्ति को लगाए जाने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच रही है। सीता श्याम निवासी हितेष वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नजफगढ़ दिल्ली निवासी कुसाग गर्ग सफीदों में मोबाइल का कारोबार करता था। आरोपित ने उसके साथ दोस्ती को बढाया और विश्वास में ले लिया। कुसाग ने बताया की वह थौक में मोबाइल खरीदता है। जिसमें उसे अच्छा मुनाफा होता है। जिसके लिए उसे राशि का जरूरत है। वह एक लाख रुपये देने पर उसे 30 दिन मे पांच हजार ब्याज देगा। जिस पर उसने कुसाग को 79 हजार रुपये दिए तो उसने एक माह बाद चार हजार रुपये दिए। जिस पर उसका विश्वास ओर पक्का हो गया। जिसके चलते उसकी 12 लाख 63 हजार की राशि कुसाग के पास चली गई। आरोपित ने उसकी ब्याज राशी नहीं दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## पर्यावरण को बचाने के लिए मिलकर करना होगा प्रयास, कम होते वनों पर जताई चिंता

# पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता में अल्पना ने मारी बाजी

- पोस्टर मेकिंग में सौम्या अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति दी। साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने अपने भाषण में वनों और संसाधनों के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि यदि हमें अपने पर्यावरण को बचाना है तो हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे। इसके लिए शुरुआत स्थानीय स्तर से की जानी चाहिए। इसके बाद भूगोल विभाग के अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आरएस. परमार ने विभिन्न कालेजों से आए प्रतिभागियों और उनके अध्यापकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि ग्रह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय वन दिवस को समर्पित है। इसमें पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति और पोस्टर मेकिंग द्वारा पर्यावरण से संबंधित सुझाए गए विषयों पर ही प्रतिभागियों ने अपने विचार और कला का प्रदर्शन करना है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश से लगभग 22 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों और पोस्टर कला कृतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वनों के पर्यावरणीय और सामाजिक लाभ, सतत पोषण विकास, संसाधनो का सदुपयोग और संरक्षण आदि विषयों पर अपने विचार और भाव प्रकट किये। मंच संचालन कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. नरेंद्र कुमार और कार्यक्रम की सेक्रेटरी प्रो. महक ने किया। पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति में डॉ. गणेशदास डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन करनाल की अल्पना ने बाजी मारी। डीएवी कॉलेज अंबाला शहर के अमन को दूसरा व सीआर कालेज हिसार के योगेश को तीसरा स्थान मिला। डीएवी कॉलेज अंबाला शहर की पलक को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीआर कॉलेज हिसार के सौम्या ने हासिल किया। द्वितीय स्थान राजकीय कन्या महाविद्यालय अंबाला शहर की ज्योति ने तृतीय स्थान डॉ. गणेश दास डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन करनाल की मधु ने और सांत्वना पुरस्कार आरकेएसडी कॉलेज कैथल के मुकेश ने प्राप्त किया । सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में प्राचार्य के साथ भूगोल विभाग के प्राध्यापकों और अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया। पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के निर्णायक मंडल में डॉ. रेखा शर्मा, प्रो. शिवानी डावर और डॉ. प्रियंका चौधरी ने अहम भूमिका निभाई।


**अंबाला।** पॉवर प्वाइंट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र शिक्षकों के साथ।